**दिनांक-10.2. 2022**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**रेलटेल को सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाओं की श्रेणी में वर्ष 2020-21 के लिए वित्तीय रिपोर्टिंग में उत्कृष्टता के लिए आईसीएआई पुरस्कार प्रदान किया गया है।**

**कंपनी को "Plaque" श्रेणी में विजेता घोषित किया गया है**

**केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने नई दिल्ली में आयोजित आईसीएआई पुरस्कार समारोह में पुरस्कार प्रदान किया।**

**रेलटेल मौजूदा सर्वोत्तम मानकों और लेखांकन पद्धतियों को क्रियान्वित करने और आने वाले समय में उच्च गुणवत्ता की वित्तीय रिपोर्टिंग करने के लिए प्रतिबद्ध है: श्री पुनीत चावला, सीएमडी/ रेलटेल**

****

रेल मंत्रालय के अंतर्गत एक मिनीरत्न केंद्र सरकार के सार्वजनिक उपक्रम रेलटेल को सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाओं की श्रेणी में वर्ष 2020-21 के लिए वित्तीय रिपोर्टिंग में उत्कृष्टता के लिए आईसीएआई पुरस्कार प्रदान किया गया है। कंपनी को "Plaque" श्रेणी में विजेता घोषित किया गया है। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) एक प्रमुख लेखा निकाय है जो 1958 से इन पुरस्कारों के लिए वार्षिक प्रतियोगिता आयोजित कर रहा है।

केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) विज्ञान और प्रौद्योगिकी; राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पृथ्वी विज्ञान; MoS PMO, कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष, डॉ जितेंद्र सिंह ने नई दिल्ली में आयोजित ICAI पुरस्कार समारोह में विजेता पुरस्कार विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। रेलटेल के श्री पुनीत चावला, सीएमडी, श्री ए.के. सिंह, निदेशक (वित्त), श्री. संजय कुमार निदेशक (नेटवर्क योजना एवं विपणन) ने कंपनी की ओर से पुरस्कार स्वीकार किया

वित्तीय रिपोर्टिंग में वित्तीय जानकारी की तैयारी और प्रस्तुति शामिल है। प्रभावी वित्तीय रिपोर्टिंग किसी देश के आर्थिक विकास में तेजी लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है क्योंकि वार्षिक रिपोर्ट के माध्यम से उपलब्ध करायी गई सूचना प्रबंधन और अन्य संबंधित हितधारकों को विभिन्न प्रभावी व्यवसाय, निवेश, नियामक निर्णय लेने में सक्षम बनाती है।

यह पुरस्कार वित्तीय विवरणों में सूचना की तैयारी और प्रस्तुति में बेहतर मानकों को बढ़ावा देने के उद्देश्य आरंभ किया गया है।

रेलटेल वित्तीय वर्ष 2006-07 से एक लाभ कमाने वाली कंपनी बनी हुई है। कोविड महामारी के बावजूद, रेलटेल ने तेजी से विकास करने में सफलता प्राप्त की और वित्तीय वर्ष 20-21 में 1411 करोड़ रुपये की अपनी उच्चतम समेकित आय दर्ज की तथा 21% की वृद्धि और पिछले 3 वर्षों की तुलना में 16.6% की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) हासिल की। कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए paid-up शेयर पूंजी (1.75/- रुपये प्रति शेयर) के 17.5% की दर से अंतरिम लाभांश की घोषणा की है।

रेलटेल के केवल राजस्व में वृद्धि हुई है, बल्कि बाजार की कमजोर स्थितियों के बावजूद रेलटेल की ऑर्डर बुक में भी भारी उछाल देखा गया है। रेलटेल के पास वर्तमान में लगभग 5300 करोड़ रु. के प्रभावी ऑर्डर बुक हैं।

पुरस्कार समारोह के बारे में, श्री पुनीत चावला, सीएमडी / रेलटेल ने कहा, "रेलटेल के एक सूचीबद्ध कंपनी बनने के बाद, कंपनी के वित्तीय निष्पादन को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से रिपोर्ट करने का उत्तरदायित्व और अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। इस पुरस्कार ने पुष्टि की है कि कंपनी इस संबंध में सही मार्ग पर अग्रसर है। हम मौजूदा सर्वोत्तम मानकों और लेखांकन पद्धतियों से स्वयं को अवगत कराते रहेंगे और इन्हें क्रियान्वित करेंगे। मैं सभी शेयरधारकों और हितधारकों को आश्वस्त करता हूं कि आने वाले समय में भी वित्तीय रिपोर्टिंग हमेशा उच्च गुणवत्ता वाली बनी रहेगी। कंपनी पिछले कई वर्षों से विभिन्न श्रेणियों और क्षेत्रों में कई पुरस्कार प्राप्त करती रही है जो रेलटेल की दक्षता, सामर्थ्य, क्षमताओं और उपलब्धियों की स्वीकृति है। हम अपने सभी हितधारकों को सर्वोत्तम सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और अपनी प्रोफाइल का विस्तार, विविधता और उन्नयन करना जारी रखेंगे।"

श्री ए.के. सिंह, निदेशक (वित्त), रेलटेल ने अपने विचारो में कहा कि यह पुरस्कार रेलटेल की वित्त टीम द्वारा किए गए कड़े परिश्रम का एक प्रमाण है और आगे उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए एक प्रोत्साहन है।

इससे पहले, रेलटेल ने अच्छे निष्पादन की गति को जारी रखते हुए कैलेंडर वर्ष 2021 में सात पुरस्कार प्राप्त किए थे। पुरस्कारों के क्षेत्रों में दूरसंचार और सूचना प्रौद्योगिकी, डिजिटल प्रौद्योगिकी, डेटा केंद्र, डिजिटल पीएसयू और डिजिटल सुरक्षा और प्रलेख प्रबंधन शामिल थे। वित्तीय रिपोर्टिंग पर वर्तमान आईसीएआई पुरस्कार कैलेंडर वर्ष 2022 में पहला पुरस्कार है।

----

**रेलटेल के बारे में**

रेलटेल एक "मिनी रत्न (श्रेणी-I)" केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है, जो देश के सबसे बड़े तटस्थ दूरसंचार अवसंरचना प्रदाताओं में से एक है, जिसके पास देश के कई कस्बों और शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों को कॅवर करने वाला एक अखिल भारतीय ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क है। 60000 मार्गकिलोमीटर के एक मजबूत विश्वसनीय ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क के साथ-साथ, रेलटेल के पास दो टियर III डेटा सेंटर भी हैं। अपने अखिल भारतीय उच्च क्षमता नेटवर्क के साथ, रेलटेल विभिन्न फ्रंटों पर एक नॉलेज सोसाइटी बनाने की दिशा में कार्य कर रही है और इसे दूरसंचार के क्षेत्र में भारत सरकार की विभिन्न मिशन-मोड परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए चुना गया है। रेलटेल एमपीएलएस-वीपीएन, टेलीप्रेजेंस, लीज़्ड लाइन, टॉवर को-लोकेशन, डाटा सेंटर सेवाएं आदि जैसी सेवाओं का एक समूह उपलब्ध कराती है। रेलटेल भारतीय रेलों के साथ मिलकर देश भर के स्टेशनों पर सार्वजनिक वाई-फाई उपलब्ध कराकर रेलवे स्टेशनों को डिजिटल हब में परिवर्तित करने के लिए भी कार्य कर रही है।।

**अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें-**

sucharita@railtelindia.com